# फैक्ट शीट

**ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम**

**दिसंबर 2020**

**Former Hygrade Polishing and Plating Co.**
**22-07 41st Avenue**
**Long Island City, NY 11101**

**साइट संख्या C241148**

**NYSDEC क्षेत्र 2**

## NYSDEC द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि सफाई से जुड़ी ज़रूरतें ब्राउनफील्ड साइट पर प्राप्त की गई

न्यूयॉर्क राज्य के पर्यावरण संरक्षण विभाग (NYSDEC) ने निर्धारित किया है कि Former Hygrade Polishing and Plating Co. साइट ("साइट") जो 22-07 41st Avenue, Long Island City, NY में स्थित है, के साथ जुड़े संदूषण को संबोधित करने के लिए सफाई संबंधी आवश्यकताओं को न्यूयॉर्क राज्य के ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम के तहत पूरा किया गया है। साइट की लोकेशन के लिए कृपया नक्शा देखें।

सफाई की गतिविधियाँ Stalingrad Ventures, LLC ("आवेदक") द्वारा की गई थीं, और न्यूयॉर्क राज्य के पर्यावरण संरक्षण विभाग (NYSDEC) द्वारा इनकी निगरानी की गई थी। NYSDEC ने इस साइट के लिए एक अंतिम इंजीनियरिंग रिपोर्ट (FER) अनुमोदित की है और एक समाप्ति का प्रमाणपत्र (COC) जारी किया है।

- FER, COC का नोटिस और परियोजना के अन्य दस्तावेजों तक DECइन्फो लोकेटर के जरिए ऑनलाइन पहुँच प्राप्त करें: https://www.dec.ny.gov/data/DecDocs/C241148/.
- दस्तावेज "जानकारी कहाँ ढूँढें" में दिए गए स्थान (स्थानों) पर भी उपलब्ध है।

**परियोजना की समाप्ति:** सुधारात्मक कार्यों के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए निम्नलिखित गतिविधियाँ पूरी की गई हैं:

- सब-स्लैब डीप्रेशराइजेशन सिस्टम का लगातार संचालन, रखरखाव, और निगरानी, जिसे ऑन-साइट इमारत में मृदा वाष्प अंतर्वेधन को संबोधित करने के लिए एक अंतरिम सुधारात्मक उपाय (IRM) के रूप में स्थापित किया गया था।
- भूमिजल में पर- और पोलीफ्लोरिनेटिड एल्काइल पदार्थ (PFAS) को ठीक करने के लिए साइट पर स्थित कुओं में लिक्विड एक्टिवेटिड कार्बन डालना।
- उपचार के बाद भूमिजल की निगरानी करना ताकि क्लोरिनेटिड वाष्पशील कार्बनिक मिश्रणों को संबोधित करने के लिए लिक्विड एक्टिवेटिड कार्बन उपचार और पूर्व भूमिजल उपचार, जिसे एक IRM के रूप में पूरा किया गया था, का आंकलन किया जा सके।
- एक साइट कवर सिस्टम का रखरखाव जिसमें कनक्रीट बिल्डिंग स्लैब शामिल हो।
- बचे हुए संदूषण के दीर्घकालीन प्रबंधन के लिए एक साइट प्रबंधन योजना (SMP) का विकास, जिसमें निम्नलिखित के लिए योजनाएँ शामिल हैं: (1) संस्थागत और इंजीनियरिंग नियंत्रण; (2) निगरानी करना; (3) संचालन और रखरखाव; और (4) रिपोर्टिंग।
- भविष्य में साइट के उपयोग को नियंत्रित करने और SMP के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत नियंत्रण सहित एक पर्यावरण सुगमता की रिकॉर्डिंग।

NEW YORK STATE Department of Environmental Conservation

### जानकारी कहाँ ढूँढें

परियोजना के दस्तावेजों तक DECइन्फो लोकेटर https://www.dec.ny.gov/data/DecDocs/C241148/ और इस स्थान (स्थानों) के जरिए पहुँच पाएँ:

**Queens Public Library**
**Long Island City Branch**
37-44 21st Street
Long Island City, NY 11101
(718) 752-3700

**Queens Community Board 1**
45-02 Ditmars Boulevard, LL Suite 125
Astoria, NY 11105
(718) 626-1021

*(*भंडारघर कोविड-19 की सावधानियों के कारण अस्थायी रूप से अनुपलब्ध हैं। यदि आप ऑनलाइन भंडारघर तक पहुँच प्राप्त नहीं कर सकते, तो कृपया सहायता के लिए नीचे दिए गए NYSDEC परियोजना प्रबंधक से संपर्क करें।)*

### किसे संपर्क करें

टिप्पणियाँ और प्रश्न आप हमें भेज सकते हैं और इन्हें निम्नलिखित द्वारा भेजा जाना चाहिए:

**परियोजना से जुड़े प्रश्न**

Wendi Zheng, परियोजना प्रबंधक
NYSDEC
47-40 21st Street
Long Island City, NY 11101
(718) 482-7541
wendi.zheng@dec.ny.gov

**परियोजना से जुड़े स्वास्थ्य प्रश्न**

James Sullivan, परियोजना प्रबंधक
NYSDOH
Empire State Plaza
Corning Tower, Room 1787
Albany, NY 12237
(518) 402-5584
beei@health.ny.gov

**न्यूयॉर्क के ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ:**
www.dec.ny.gov/chemical/8450.html

# ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम

**अंतिम इंजीनियरिंग रिपोर्ट अनुमोदित की गई:** NYSDEC ने FER को अनुमोदित किया है, जो:

1) पूरी की गई सफाई गतिविधियों का वर्णन करती है।
2) प्रमाणित करती है कि इस साइट के लिए सफाई संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया गया है या पूरा किया जाएगा।
3) इस्तेमाल किए जाने वाले किन्ही संस्थागत/इंजीनियरिंग नियंत्रणों का वर्णन करती है। एक *संस्थागत नियंत्रण* साइट के उपयोग पर एक गैर-भौतिक प्रतिबंध होता है, जैसे कि विलेख प्रतिबंध, जब सफाई करने के बाद बचा हुआ संदूषण साइट को कुछ उपयोग, न कि सभी उपयोगों के लिए के लिए उपयुक्त बनाता है। *इंजीनियरिंग नियंत्रण* संदूषण को प्रबंधित करने की एक भौतिक रुकावट या विधि होती है जैसे कि कैप या वाष्प रुकावट।
4) प्रमाणित करती है कि साइट पर इस्तमोल किए गए किसी भी इंजीनियरिंग नियंत्रणों के लिए साइट प्रबंधन योजना NYSDEC द्वारा अनुमोदित की गई है।

निम्नलिखित संस्थागत नियंत्रण साइट पर लागू किए गए हैं:

- साइट प्रबंधन योजना
- भूमिजल के उपयोग पर प्रतिबंध
- भूमि उपयोग पर प्रतिबंध
- पर्यावरण सुगमता

निम्नलिखित इंजीनियरिंग नियंत्रण साइट पर लागू किए गए हैं:

- कवर सिस्टम
- सब-स्लैब डीप्रेशराइजेशन सिस्टम

**अगले कदम:** COC की प्राप्ति के साथ, आवेदक साइट को पुन: विकसित करने के लिए योग्य है/हैं। इसके अतिरिक्त, आवेदक सफाई गतिविधियाँ करने और साइट के पुन: विकास के लिए खर्चों को चुकाने के लिए कर ऋण के लिए योग्य है/हैं। एक COC को संशोधित या रद्द किया जा सकता है, उदाहरण के लिए NYSDEC के साथ आदेश या समझौते की शर्तों का अनुपालन करने में विफलता।

**साइट विवरण:** इस 0.058-एकड़ की साइट के साथ दक्षिण में 41st Avenue की सीमा लगती है और यह व्यापारिक संपत्तियों द्वारा घिरी हुई है, और इसके पश्चिम में एक होटल भी मौजूद है। इस साइट में वर्तमान में एक चार-मंजिल की इमारत और एक बेसमेंट के साथ सुधार किया गया है जो पूरी संपत्ती को कवर करती है। यह साइट पहले एक मेटल प्लेटिंग इकाई के अधिकार में थी। इस ऑन-साइट इमारत का हाल ही में नवीनीकरण किया गया था जिसमें पूर्व फैक्ट्री को पेशेवर दफ्तर की जगह में बदला गया।

साइट का अतिरिक्त विवरण, जिसमें पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी आकलन शामिल हैं, NYSDEC के पर्यावरिक साइट सुधार के डेटाबेस में उपलब्ध हैं (साइट ID C241148 दर्ज करें): https://www.dec.ny.gov/cfmx/extapps/derexternal/index.cfm?pageid=3

**ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम:** न्यूयॉर्क का ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम (BCP) संदूषित संपत्तियों की स्वैच्छिक सफाई को प्रोत्साहित करता है जिन्हें "ब्राउनफील्ड्स" कहा जाता है ताकि उनका पुन: उपयोग और पुन: विकास किया जा सके। इन उपयोगों में मनोरंजन, आवास, व्यवसाय या अन्य उपयोग शामिल हो सकते हैं। एक ब्राउनफील्ड साइट ऐसी कोई भी वास्तविक संपत्ति होती है जहाँ संदूषण NYSDEC द्वारा अपनाए गए मृदा सफाई उद्देश्यों या अन्य स्वास्थ्य-आधारित या पर्यावरण मानकों, मापदंडों या निशानिर्देशों से अधिक स्तर पर होती है, जो कि लागू विनियमों के अनुसार, संपत्ति के यथोचित प्रत्याशित उपयोग के आधार पर लागू होते हैं।

BCP के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहाँ जाएं: https://www.dec.ny.gov/chemical/8450.html

***हम आपको इस फैट शीट को अपने पड़ोसियों और किरायेदारों के साथ साझा करने, और/या इस फैक्ट शीट को दूसरों के देखने के लिए अपनी इमारत के एक प्रमुख क्षेत्र में लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।***

**DEC डिलिवर्स (DEC Delivers) के साथ सूचित रहें**
ईमेल के द्वारा साइट के अपडेट पाने के लिए साइन अप करें: www.dec.ny.gov/chemical/61092.html

ध्यान दें: अगर आपने पहले ही साइन अप कर लिया है और इस फैक्ट शीट को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से प्राप्त कर लिया है, तो इसकी अवहेलना करें।

**DECइन्फो लोकेटर**

# ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम

## साइट लोकेशन

